जिनसे भी संबंधित हो

प्रत्रांक संख्या:- ......514/19......

दिनांक :- 14-11-19

प्रमाणित किया जाता है कि माँ मैत्रायिणी योगिनी सेकेण्डरी स्कूल, गुन्डी , थाना-बडहरा, जिला भोजपुर (आरा) बिहार प्रकृति के स्वस्थ ग्रामीण परिवेश में है । विद्यालय की क्रम संख्या -50017 तथा विद्यालय का भवन तीन तलों का बना हुआ है । विद्यालय का शैक्षणिक एवं प्राकृतिक हाता स्वास्थ्यकारी है। विद्यालय का संपूर्ण परिवेश स्वच्छ एवं स्वास्थ्यप्रद है । विद्यालय के समस्त अध्यापन कक्ष , प्रयोगशालय , पुस्तकालय एवं वाचनालय स्वच्छ एवं सुसज्जित है । समस्त कमरों की सफाई के लिए कर्मचारी कार्यरत है जो काफी मनोयोग से कमरों के अतिरिक्त विद्यालय के समस्त प्रांगण की सफाई करते रहते हैं । कूड़े एवं अन्य अनुपयोगी वस्तुओं को जमा करने हेतु विद्यालय प्रांगण में 10 एवं विद्यालय के प्रत्येक तल पर 2-3 कूड़ेदान की व्यवस्था है, जिसकी सफाई दिन में 2 बार प्रतिनियुक्ति कर्मचारी करते है । विद्यालय प्रांगण के अतिरिक्त प्रत्येक तले पर क्रमश: 10 एवं 2-2 कनस्तर रखे रहते है जिनमें बालू एवं विरंजक चूर्ण प्रत्येक दिन डाला जाता है तथा विद्यालय के अध्ययनरत छात्र-छात्राएँ एवं कार्यरत कर्मचारी निर्गत निदेश के आलोक में उन्ही कनस्तरों में थूक फेकते है । विद्यालय में अध्ययनरत छात्र - छात्राओं एवं कार्यरत कर्मचारियों के लिए शुद्ध पेय जल की व्यवस्था है । जल मोटर पम्प द्वारा स्वच्छ एवं कीटाणुरहित टंकी में एकत्रित कर प्रत्येक तल पर लगे हुए आरो (R. O) द्वारा छानकर (Filter) भेजा जाता है । बच्चों के जल ग्रहण हेतु तीन तलो पर कुल 60 जल टोटी लगी हुई है एव प्रत्येक तल पर जल ग्रहण करने हेतु 20-20 स्वच्छ एव साफ- सुथरी ग्लास रखे रहते है । जल टोटी जहाँ लगा हुआ है वहाँ जल की निकासी हेतु टाइल्स लगा हुआ प्लेटफार्म बना हुआ है तथा उसकी सफाई को बनाये रखने हेतु एक-एक स्थाई कर्मी कार्यरत है जो बीच-बीच में जल टोटी के प्लेटफार्म तथा नाली की सफाई करते रहते है । जल टंकी की सफाई एवं बिरंजक चूर्ण का छिड़काव सप्ताह में एक बार नियमित रुप से किया जाता है जिससे टंकी साफ-सुथरा एवं रोगणुओ से मुक्त रहता है ।

विद्यालय में अध्ययनरत छात्र - छात्राओं , शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियो के मल-मूत्र त्याग हेतु निम्नांकित संख्या में नीचे अंकित तल पर शौचाल्या बने हुए है जिनकी सफाई पूर्ण अध्यनावधि में चार से पाँच बार नियुक्त कर्मी के द्वारा की जाती है साथ ही साथ प्रत्येक बार प्रत्येक शौचालय में फिनाईल का छिड़काव किया जाता है । अध्यनावधि के पश्चात नियुक्त स्वीपर शौचालय की सफाई हार्पीक व फेनाइल से करते है और बिरंजक चूर्ण का भी छिड़काव नियमित रुप से किया जाता है ।

तल	शौचालय की संख्या	पेशाबघर की संख्या
सतही (Ground)	16	15
प्रथम	18	18
द्वितीय	16	10

विद्यालय कई प्रत्येक तल पर स्थित अध्यापक कक्षाओ , प्रयोगशालाओं , पुस्ताकालय , अन्य प्रकोष्ठों एवं प्रत्येक तल व बरामदाओ के सतहो की सफाई अध्यनावधि में फिनाईल मिश्रित जल में कपड़े को भीगाकर नियमित रुप में 2 बार तथा अध्यनावधि के पश्चात एक बार विभिन्न तलो पर नियुक्त कर्मीयों द्वारा नियमित रुप में किया जाता है । विद्यालय प्रांगण एवं नलियों की सफाई के लिए विद्यालय के शासकीय पदाधिकारी पूर्णत: सक्रिय दिखते है जिससे नियुक्त कर्मचारि काफी मनोयोग से विद्यालय की सफाई कर विद्यालय के स्वस्थ्यकारी व्यवस्था को बनाये रखते है ।

विद्यालय का सम्पूर्ण स्वास्थ्यकारी व्यव्स्था प्रसंशनीय एवं अनुकरणीय है

Om Prakash
14-11-19

चिकित्सा पदाधिकारी
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
बड़हरा (भोजपुर)

प्रबंधक
माँ मैत्रायिणी योगिनी सेकेण्डरी स्कूल
गुण्डी भोजपुर (आरा) बिहार

Krishna
Principal
Maa Maitrayini Yogini Secondary School
Gundi, Bhojpur (Ara) Bihar